**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या-15**

**उत्तर देने की तारीख-04/12/2023**

**कासरगोड जिले के मंजेश्वरम तालुका में केन्द्रीय विद्यालय का अभाव**

**†*15. श्री राजमोहन उन्नीथन:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने केरल के कासरगोड जिले के मंजेश्वरम तालुका में कोई केन्द्रीय विद्यालय न होने का संज्ञान लिया है, जो शैक्षिक रूप से पिछड़ा हुआ है और जहां पर्याप्त शैक्षिक संस्थानों का अभाव है;

(ख) क्या अपेक्षित भूमि उपलब्ध कराए जाने की स्थिति में सरकार द्वारा मंजेश्वरम तालुका में केन्द्रीय विद्यालय शुरू करने के लिए कोई कार्रवाई की जाएगी; और

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्री**

**(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

**माननीय संसद सदस्य श्री राजमोहन उन्नीथन द्वारा कासरगोड जिले के मंजेश्वरम तालुका में केन्द्रीय विद्यालय का अभाव के संबंध में दिनांक 04/12/2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 15 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) से (ग) वर्तमान में, देश भर में केरल राज्य में 38 केवि सहित 1252 केंद्रीय विद्यालय (केवि) कार्यात्मक हैं। नए केन्द्रीय विद्यालय खोलना एक सतत प्रक्रिया है। के.वि. मुख्य रूप से पूरे देश में शिक्षा का एक सामान्य कार्यक्रम प्रदान करके रक्षा और अर्ध- सैन्य कर्मियों, केन्द्रीय स्वायत्त निकायों, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केन्द्रीय उच्चतर शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए के.वि. खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिनमें मानदंडों के अनुसार नए के.वि. की स्थापना के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता होगी। नए के.वि. की स्थापना से संबंधित ये प्रस्ताव मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन हैं।

केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कासरगोड जिले में 04 केवि अर्थात् केवि नंबर 1 सीपीसीआरआई कासरगोड, केवि नंबर 2 कासरगोड, केवि कान्हांगड और केवि नीलेश्वरम कार्यात्मक हैं। केरल के कासरगोड जिले के मंजेश्वरम तालुक में एक नया केवि खोलने के संबंध में केविसं को राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

*****